# जिला स्वास्थ्य समिति, पटना

गर्दनीबाग अस्पताल परिसर, पटना–1,
Email: patnadhs.2016@yahoo.com, Ph. No.:- 0612-2244000


## दिनांक 18.04.2023 को जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, पटना की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, पटना में संपन्न जिला गुणवत्ता यकीन समिति (DQAC) की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही

उपस्थितिः–यथा पंजी में संधारित।
समय : पूर्वाहन 11:45

जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, पटना की अध्यक्षता में दिनांक 18.04.2023 को पटना समाहरणालय, पटना में जिला गुणवत्ता यकीन समिति (DQAC) की त्रैमासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में जिला स्वास्थ्य समिति, पटना में कार्यरत जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी, सलाहकार एवं कर्मी एवं जिला गुणवत्ता यकीन समिति (DQAC) के सदस्य उपस्थित थे।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा बैठक प्रारंभ करने की अनुमति प्राप्त कर Power Point Presentation के माध्यम से जिलान्तर्गत अस्पतालों के गुणवत्ता (सुविधा एवं सेवाएँ) की समीक्षा के दौरान द्वारा निम्नवत निदेश दिए गए:–

1. बैठक में Power Point Presentation के माध्यम से जिला गुणवत्ता यकीन से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमे मुख्य रूप से NQAS (National Quality Assurance Standards), LAQSHYA (Labour Room Quality Improvement Initiative), KAYAKALP, QIT (Quality Improvement Team), BMW AND KPI (Key Performance Indicator) से संबंधित प्रतिवेदनों की समीक्षा की गई तथा निम्नलिखित निर्देश दिए गए:–

   (i) 4th Quarter कायाकल्प के Internal Assessment में यह पाया गया कि स्वास्थ्य संस्थान यथा गुरू गोविन्द सिंह सदर अस्पताल, पटना सिटि, प्रा0 स्वा0 केन्द्र, बाढ़, घोसवरी, मसौढ़ी एवं बेलछी द्वारा प्रतिवेदन प्रेषित नहीं किया गया है। सभी संबंधित को चेतावनी देते हुए पुनः निदेशित किया कि 4th Quarter कायाकल्प का Internal Assessment करते हुए प्रतिवेदन अगले सात दिनों में प्रेषित किया जाय।

   (अनुपालनः संबंधित संस्थान के अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी)

   (ii) 4th Quarter कायाकल्प के Internal Assessment में यह पाया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, फुलवारीशरीफ, रेफरल अस्पताल, नौबतपुर, प्रा0 स्वा0 केन्द्र, बाढ़, घोसवरी, खुसरूपुर, मनेर, मसौढ़ी एवं बेलछी द्वारा अति0 प्रा0 स्वा0 केन्द्र एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का त्रैमासिक Internal Assessment नहीं गया है। जिसपर नाराजगी जताते हुए निर्देशित किया गया कि 4th Quarter कायाकल्प का Internal Assessment करते हुए प्रतिवेदन अगले सात दिनों में प्रेषित करना तथा भविष्य में इसकी पुनरावृति होने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया ।

   (अनुपालनः संबंधित संस्थान के अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी)

   (iii) लक्ष्य का त्रैमासिक प्रतिवेदन रेफरल अस्पताल, नौबतपुर द्वारा जिले को प्रतिवेदन प्रेषित नहीं किया गया है। इसपर स्पष्टीकरण की मांग किये जाने हेतु निदेशित किया गया ।

   (अनुपालनः संबंधित , प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पटना जिलान्तर्गत)

# जिला स्वास्थ्य समिति, पटना

बिहार सरकार

गर्दनीबाग अस्पताल परिसर, पटना–1,

Email: patnadhs.2016@yahoo.com, Ph. No.:- 0612-2244000


(iv) लक्ष्य कार्यक्रम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल, दानापुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, फुलवारीशरीफ को निदेशित किया गया कि **Laqshya State Certification** हेतु माह मई 2023 तक राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा लक्ष्य कार्यक्रम के लिए भेजे गए प्रपत्र के अनुसार Gap Assessment करते हुए पाये गए Gaps को पूरा करना सुनिश्चित करें जिससे कि Laqshya State Certification अनुमंडलीय अस्पताल, दानापुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का कराया जा सके।

(अनुपालनः संबंधित उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/
DCQA/अस्पताल प्रबंधक/प्रखंड स्वा0 प्रबंधक, पटना जिलान्तर्गत)

(v) **QIT Meeting Format** एवं कायाकल्प, लक्ष्य, **NQAS** हेतु आवश्यक संधारण पंजी एवं IEC का प्रपत्र जिला स्वास्थ्य समिति, पटना द्वारा सॉफ्ट कॉपी प्रत्येक संस्थान के ई–मेल द्वारा माह अप्रैल 2023 में प्रेषित किया गया है। स्वास्थ्य संस्थान जिला द्वारा प्रेषित प्रपत्र का रजिस्टर तैयार कराते हुए संधारित करना सुनिश्चत करें। इसमें होने वाले व्यय का वहन रोगी कल्याण समिति में उपलब्ध राशि से किया जाय। भविष्य में गुणवत्ता मद में प्राप्त राशि से इसका समायोजन किया जा सकता है।

(अनुपालनः अधीक्षक/उपाधीक्षक/सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/
DCQA/अस्पताल प्रबंधक/प्रखंड स्वा0 प्रबंधक, पटना जिलान्तर्गत

(vi) पूर्व में गुणवत्ता हेतु चयनित Block Quality Nodel Officer को निदेशित किया गया कि प्रत्येक त्रैमास में अपने संस्थान में गठित Quality Circle के सदस्यों का Quality Improvement का प्रशिक्षण माह 15 मई 2023 तक कराना सुनिश्चित किया जाय ताकि संस्थानों का गुणवत्तापूर्ण सुधार किया जा सके।

(अनुपालनः सभी उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल/सभी प्रभारी चिकित्सा
पदाधिकारी, प्रा0 स्वा0 केन्द्र, पटना जिलान्तर्गत )

(vii) सूर्या क्लिनिक, पटना से प्राप्त आवेदन पत्रांक PSC/33/2022-23 दिनांक 15.03.2023 के द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में जिला गुणवत्ता यकीनन समिति के द्वारा डॉ0 मिथलेश श्रीवास्तव, डॉ0 अर्जुन प्रसाद साहु, डॉ0 राजीव रंजन, डॉ0 अजय नारायण प्रसाद को Mini Lap (महिला बंध्याकरण) हेतु सूचीबद्ध (Empanalled) करने का अनुमोदन दिया गया। स्त्री क्लिनिक से प्राप्त आवेदन पत्रांक सं0– PSS/Stree Clinic, Patna/ April 2023 दिनांक 17 अप्रैल 2023 के आलोक में डॉ0 अनिता कुमारी को Mini Lap (महिला बंध्याकरण) हेतु सूचीबद्ध (Empanalled) करने का अनुमोदन दिया गया।

(हस्ताक्षर) 18.4.23

सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति, पटना

(हस्ताक्षर) 28/04/23

जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष
जिला स्वास्थ्य समिति, पटना

66

373

# जिला स्वास्थ्य समिति, पटना


बिहार सरकार

गर्दनीबाग अस्पताल परिसर, पटना–1,

Email: patnadhs.2016@yahoo.com, Ph. No.:- 0612-2244000


ज्ञापांक 731 /डी० एच० एस०, पटना, दिनांक 20/04/2023

प्रतिलिपिः–

- अस्पताल प्रबंधक/ प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक/ सदर अस्पताल/अनुमंडलीय अस्पताल/ रेफरल अस्पताल/सामुदायिक स्वा० केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पटना जिलान्तर्गत को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
- अधीक्षक, गुरू गोविन्द सिंह अस्पताल, पटना सिटी/उपाधीक्षक/सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल/सामुदायिक स्वा० केन्द्र/प्रा० स्वा० केन्द्र (ग्रामीण एवं शहरी) पटना जिलान्तर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।
- जिला गुणवत्ता यकीन समिति के सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।
- राज्य कार्यकम पदाधिकारी, गुणवत्ता यकीन राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।
- सचिव स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
- अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

20/04/23

जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष
जिला स्वास्थ्य समिति, पटना।